Engineers Day Celebrations – September 17, 2018

रांची एक्सप्रेस epaper.ranchiexpress.org

रांची, बुधवार 19 सितंबर, 2018 3

आईसीएफएआई विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी रुझान पर संगोष्ठी

रांची : इक्फाई विश्वविद्यालय में अभियंता दिवस के समारोह के रूप में विनिर्माण में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की रुझानों पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। एचईसी के सीएमडी अविजित घोष सेमिनार के मुख्य अतिथि थे। समारोह के सम्मानित अतिथि एचईसी पूर्व एचआरडी प्रबंधक नागेश थे। इससे पहले विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों ने विश्वकर्मा पूजा की। प्रौद्योगिकी विनिर्माण में प्रौद्योगिकी रुझानों पर काम कर रहे मॉडल और पोस्टर भी प्रदर्शित करती है। विजेता और धावक प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। वि वि के कुलपति ने प्रो ओआरएस राव ने कहा कि उत्पान उद्योग की लागत और समय चक्र को काम करने के लिए इस क्षेत्र में स्वीजिंग तकनीक विकास हो रहा है। नागेश झा ने जीवनभर सीखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। समारोह में धन्यवाद ज्ञापन वि वि के कुलसचिव डॉ श्रीएम सिंह ने किया।

दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर समूह | 12 राज्य | 66 संस्करण

ईक्फाई विवि में विनिर्माण प्रौद्योगिकी क्षेत्र के रुझानों पर हुआ सेमिनार

सिटी रिपोर्टर | रांची

इक्फाई विवि में अभियंता दिवस समारोह में विनिर्माण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के रुझानों पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। एचइसी के सीएमडी अभिजीत घोष सेमिनार एवं समारोह के मुख्य अतिथि थे। समारोह के विशिष्ठ अतिथि एचइसी के पूर्व एचआरडी प्रबंधक नागेश झा थे। विद्यार्थियों ने इस समारोह में विनिर्माण क्षेत्र के रुझानों पर पोस्टर एवं मॉडल की भी प्रस्तुति दी। समारोह सह सेमिनार में आए लोगों का स्वागत करते हुए विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि उत्पादन उद्योग की लागत और समय चक्र को कम करने के लिए इस क्षेत्र में स्वीजिंग तकनीक का विकास हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट के माध्यम से क्षेत्र में चीजों का निर्माण हो रहा है। इसलिए इस क्षेत्र के अभियंता को अपने तकनीकी ज्ञान और कौशल को अपग्रेड करना चाहिए ताकि वे करियर को प्रगति दे सकें।

बुधवार, 19 सितंबर 2018

हिन्दुस्तान

इंजीनियर तकनीकी ज्ञान को अपग्रेड करें

इक्फाई यूनिवर्सिटी

रांची | प्रमुख संवाददाता

इक्फाई विश्वविद्यालय में सोमवार को अभियंता दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एचईसी के सीएमडी अविजीत घोष के अलावा एचईसी के पूर्व एचआरडी प्रबंधन नागेश झा मौजूद थे।

कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट के माध्यम से निर्माण हो रहा है। इसलिए इस क्षेत्र में इंजीनियर अपने तकनीकी ज्ञान और कौशल को अपग्रेड करें, तो प्रगति का मार्ग खुलेगा।

मुख्य अतिथि अभिजीत घोष ने छात्रों को हावड़ा पुल निर्माण के बारे में बताया।

इक्फाई विश्वविद्यालय में सोमवार को हुई संगोष्ठी को संबोधित करते अतिथि।

उन्होंने कहा कि यह अभियंता कौशल का अच्छा उदाहरण है। नागेश झा ने छात्रों को बीटेक (लेटरल एंट्री) में नामांकन की सलाह दी।

मौके पर छात्रों ने विनिर्माण पर विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किए। कैंपस में विश्वकर्मा पूजा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ वीएम सिंह समेत अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।